हाथ थाम ले सांवरे | By Sunil Sarvottam

सांवरे सांवरे सांवरे ....
मेरे बिगड़े सभी काम रे
आ गया मैं तेरे धाम पे
मेरे हाथों को भी थाम रे
सांवरे सांवरे सांवरे
आजा सांवरे ....

अर्ज़ी लगाईं दर पे तेरे
काम सफल तू कर दे मेरे
बहुत दुखी है ये लाल तेरा
हाला हुआ बेहाल मेरा
इतना सताया सबने मुझे
कैसे बताऊँ बाबा तुझे
आके बचा ले श्याम मुझे
माँ के वचन की कसम तुझे
बीच भवर में नैया मेरी अजा सांवरे
सांवरे सांवरे सांवरे...........

अपने मुझसे बिछड़ गए
काम मेरे सब बिगड़ गए
जिन पर था विश्वास मुझे
वो ही मुझको लूट गए
बनता नहीं कोई काम मेरा
देखे जो सपने टूट गए
मेरी आखिरी आस हो तुम
क्या तुम मुझसे रूठ गए
लाज बचा ले आकर बाबा आजा सांवरे
सांवरे सांवरे सांवरे...........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%a5-%e0%a4%a5%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b8%e0%a4%be%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%b0%e0%a5%87-by-sunil-sarvottam/